पाठ- 1 : कविता कैसे पढ़ें

मूल भाव- इस पाठ में कविता को समझने का तरीका बताया गया है और इसके लिए कविता की परिभाषा, उसका महत्व, उसके अवयव और कविता पढने के तरीकों का भी वर्णन भी किया गया है। इस पाठ को पढ़कर आप कविता को समग्र रूप में समझकर उसकी व्याख्या कर सकेंगे; कविता समझने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख कर सकेंगे; कविता के स्वरूप और प्रयोजन की व्याख्या कर सकेंगे; कविता के भाव सौंदर्य एवं शिल्प सौंदर्य की विवेचना कर सकेंगे; कविता पढ़ने की कला से संबंधित मुख्य बिन्दुओं को प्रस्तुत कर सकेंगे तथा कविता पढ़ने के लाभों को रेखांकित कर सकेंगे|

मुख्य बिंदु-कविता का स्वरूप क्या है?

'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम' संस्कृत साहित्य में शब्द और अर्थ के सुंदर सामंजस्य को काव्य कहा जाता है।

आचार्य रामचंद्र शुक्लजी के अनुसार - "हृदय की मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है, उसे कविता कहते हैं।"

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के अनुसार - कविता का लोक प्रचलित अर्थ वह वाक्य है, जिसमें भावावेश हो, कल्पना हो, पद लालित्य हो तथा प्रयोजन की सीमा समाप्त हो चुकी हो।

कविता में भाव - सौंदर्य से तात्पर्य

- **कथ्य : राष्ट्रीयता, सौंदर्य बोध, आम जन की कथा –व्यथा आदि**
- **रस : श्रृंगार, हास्य, वीर, करुण, रौद्र, वीभत्स, अद्भुत, भयानक, शांत, वात्सल्य तथा स्थायी भाव और संचारी भाव ।**
- **विचार-दृष्टि अर्थात् किसीमहत्वपूर्ण विचार की स्थापना।**
- **कल्पना अर्थात् यथार्थ चित्रण के साथ-साथ कल्पना का पुट महत्वपूर्ण।**

कविता में शिल्प-सौंदर्य के कौन-कौन से आयाम

- भाषा-शैली – विशिष्ट भाषा, कलात्मकता और कुशलता
- छंद - भाषा को निश्चित ढांचे में बांधना, लयात्मकता, प्रमुख छंद,मुक्त छंद
- अलंकार
- बिम्ब
- प्रतीक
- शब्द शक्ति

कविता कैसे पढ़ी जाए? उसके प्रमुख बिन्दु कौन-कौन से हैं?

कवि की भावनाओं तक पहुँचना → कवि का परिचय जानना → सस्वर पाठ → भाषा - सौंदर्य समझना → दूसरी कविता से तुलना

योग्यता बढाएं - कविता सुनने और पढ़ने में आनंद के क्या कारण हैं?

- भाषा की कोमलता
- शब्द विधान
- लयात्मकता
- भावों की गहनता

कविता समझने में क्यों कठिनाई आती है?

- शब्द का अर्थ न समझना
- कविता के भाव को न समझना
- विषय के प्रति गंभीरता की कमी या अरुचि
- हिंदी पुस्तकें पढने की आदत नहीं
- शब्दकोश न देख पाना

कविता पढ़ने से कौन-कौन से लाभ हैं?

- **मनोरंजन**
- **ज्ञान का विस्तार**
- **कविता की समझ – विश्लेषण एवं व्याख्या**
- **भावात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास**
- **भाषा का विकास**
- **अभिव्यक्ति क्षमता का विकास**

अधिकतम अंक कैसे पाएं

इस पाठ में कविता की विशेषताओं और प्रमुख अवयवों के बारे में विस्तार से बताया गया है। इन बिन्दुओं को ध्यान में रखकर आप कविता पर आधारित प्रश्नों का हल बेहतर ढंग से कर सकते हैं और अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं।

अपना मूल्यांकन करें



शिक्षार्थी दिशानिर्देश